प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के प्रथम बैच के छात्र डा.बी.बी. सिंह को अमेरिका की इलिनोइस विश्वविद्यालय में सम्मान

पंतनगर। 15 जून 2023। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के 1960 (प्रथम) बैच के छात्र डा. बीर बहादुर सिंह को अमेरिका की इलिनोइस युनिवर्सिटी द्वारा वर्ष 2023 के डा. ताई आर सिन तथा मिसेस यू एच. सिन हयूमेनेटेरियन अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसमें डा. सिंह को 50 हजार डालर शैक्षणिक गतिविधियों के ऊपर खर्च करने हेतु तथा 5 हजार डालर मानदेय के रूप में प्राप्त होगा। डा. सिंह पंतनगर विश्वविद्यालय से वर्ष 1963 में कृषि एवं पशुपालन में स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद अमेरिका के विश्वविद्यालयों से मास्टर और पीएचडी डिग्री प्राप्त किये। वर्ष 1968 में वे विश्वविद्यालय में संकाय सदस्य के रूप में पद ग्रहण करने के बाद 1979 तक योगदान करते रहे। डा. सिंह देश में सोयाबीन फसल में शोध के लिए सूत्रधार रहे हैं और उन्होंने बहुत सी प्रजातियों को विकसित किया। उनके द्वारा अरहर की 'यूपीएएस–120' विकसित प्रजाति जोकि अत्यधिक कम समय में पकने वाली प्रजाति है, अरहर की लैंडमार्क प्रजाति रही है। इसके अतिरिक्त लोबिया की 60 दिन में पकने वाली बहुत सारी किस्मों का भी उनके द्वारा विकास किया गया है। डा. सिंह को उनके अभूतपूर्व शोध कार्यों हेतु विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। डा. सिंह एल्यूमिनस के रूप में विश्वविद्यालय को 30 लाख रूपये से अधिक का योगदान कर चुके है जिसका उपयोग मुख्य रूप से कृषि महाविद्यालय में मिनी आडिटोरियम तथा अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन के व्याख्यान कक्ष के नवीनीकरण हेतु किया गया तथा संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु डा. बी.बी. सिंह अवार्ड के रूप में भी किया जा रहा है। वर्तमान में डा. सिंह अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में साल में तीन माह योगदान करते हैं।



*डा. बी.बी. सिंह।*

**निदेशक संचार**